## दिनांक 09.12.2022 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की आहूत बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 09.12.2022 को जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन बाराबंकी द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुकम में अपरान्ह 12:30 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय बाराबंकी मे "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, बाराबंकी की अध्यक्षता मे की गयी।

बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहेः–

1– मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
2– मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बाराबंकी।
3– प्रभागीय वनाधिकारी, बाराबंकी, स्वयं अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य।
4– जिला विकास अधिकारी, बाराबंकी।
5– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बाराबंकी।
6– जिला कृषि अधिकारी, बाराबंकी।
7– अधि0अभि0, वाटर रिसो0/सिचाई, बाराबंकी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8– | श्री अनिल कुमार राव, | – | सहा0 अभि0,उ0प्र0 जल निगम, बाराबंकी। |
| 9– | श्री पियूष शुक्ला | – | सहा0अभि0(SWSM)बाराबंकी। |
| 10– | श्री अजय रंजन | – | सहा0अभि0(SWSM)बाराबंकी। |
| 11– | श्री एस0एन0यादव | – | जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0बाराबंकी समस्त टीम। |
| 12– | श्री अवनीश उपाध्याय | – | सीनियर इन्जी0,अनुबन्धित फर्म मै0गायत्री–रेमकी (जेवी) |
| 13– | श्री विजय कटारिया | – | प्रोजेक्ट मैनेजर पीएनसी–एसपीएमएल(जेवी) आगरा। |
| 14– | श्री राजा नरसिम्हा | – | मै0 मेघा इन्जी0 एण्ड इफ्रस्ट्रक्चर्स लि0 हैदराबाद। |
| 15– | श्री चिरन्जीत पात्रा | – | मै0वीएसए इन्फ्रा0प्रो0लि0 हैदराबाद। |

सहायक अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम, बाराबंकी द्वारा बैठक मे अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन फेज–2 के अन्तर्गत जनपद बाराबंकी मे मै0गायत्री–रेमकी(जेवी) हैदराबाद को जनपद बाराबंकी मे भूगर्भ पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य एवं 10 वर्ष तक संचालन/अनुरक्षण कार्यो हेतु अनुबन्धित किया गया है जिसके अनुकम मे फर्म द्वारा पाइप पेयजल योजनाओ का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा जनपद मे फेज–3 के अन्तर्गत अन्य तीन एजेन्सियों (1. मै0 पीएनसी, 2 मै0 मेघा इन्जी0, 3. मै0वीएसए इन्फ्रा0प्रो0लि0) का चयन भूगर्भ पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु किया गया है।

**1–<u>जल जीवन मिशन फेज–2</u>** –सहायक अभियन्ता द्वारा अगवत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 "हर घर जल" के अन्तर्गत जनपद बाराबंकी मे 98 ग्राम पंचायत/158 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किये जाने हेतु मै0 गायत्री–रेमकी(जेवी) हैदराबाद को डी0पी0आर0 विरचन, निर्माण कार्य एवं अनुरक्षण कार्य हेतु नामित किया गया है। जिसके लिये फर्म द्वारा 83 नग डी0पी0आर0 बनाये जाने है जिसके सापेक्ष 80 नग डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा अनुमोदित किये जा चुके है 03 नग डी0पी0आर0 वेटिंग/करेक्शन मे है। जिलाधिकारी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को एक सप्ताह मे अवशेष डी0पी0आर0 प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये। सहायक अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान तक एसएलएसएससी से 71 नग पाइप पेयजल योजनाए स्वीकृत हो चुकी है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा मात्र 36 नग पाइप पेयजल योजनाओं पर ही कार्य कराया जा रहा है जिसकी प्रगति भी अत्यन्त ही धीमी है जिससे अनुबन्ध के अनुसार लक्षित समय मे कार्य को पूर्ण किया जाना सम्भव प्रतीत नही हो रहा है।

निर्माण कार्यो की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी महोदय, द्वारा काफी असंतोष व्यक्त करते हुये निर्देशित किया गया कि योजनाओं के कार्यो को गति प्रदान की जाये तथा जिन ग्राम पंचायतो मे योजना के कार्य अभी तक प्रारम्भ नही किये गये है उन स्थान पर यथाशीघ्र कार्य प्रारम्भ कराये जाये। सहायक अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि शासन द्वारा माह दिसम्बर 2022 तक गृहजल संयोजन के निर्धारित लक्ष्य 17748 के सापेक्ष फर्म द्वारा मात्र 5886 गृहजल संयोजन के कार्य कराये गये है जो अत्यन्त ही कम है। साथ ही साथ यह भी अवगत

कराया गया कि फर्म द्वारा मात्र नलकूप बोरिंग, वितरण प्रणाली बिछाने, पम्प हाउस तथा गृहजल संयोजन के कार्य ही कराये जा रहे है। शिरोपरि जलाशय एवं तत्सम्बन्धी अन्य कार्य फर्म द्वारा अभी तक शुरू नही कराये गये है। जिलाधिकारी महोदय, द्वारा बैठक मे उपस्थिति मै0 गायत्री के सीनियर मैनेजर पर कार्यो की धीमी प्रगति पर काफी रोष व्यक्त करते हुये कार्यो को युद्ध स्तर पर पूर्ण कराने हेतु आवश्यक श्रमिकों एवं अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था करते हुये प्रतिदिन 300–350 गृहजल संयोजन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बैठक मे यह आश्वासन दिया गया कि कार्यो को समय से पूर्ण करने हेतु आवश्यक मैन पावर एव सामग्री की व्यवस्था की जा रही है शीघ्र ही वांछित प्रगति प्राप्त कर ली जायेगी। सहायक अभियन्ता अवगत कराया गया कि दिनांक 07.12.2022 को प्रमुख सचिव नमामि गंगे उ0प्र0 शासन द्वारा कार्यो की समीक्षा के दौरान फर्म गायत्री–रेमकी की प्रगति धीमी होने के कारण उनके द्वारा निर्देश दिये गये कि फर्म को डिस्कोप किये जाने का प्रस्ताव राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रस्तुत किया जाये।

<u>2–जल जीवन मिशन फेज–3</u> :–जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–3 के अन्तर्गत अनुबन्धित फर्मो द्वारा जनपद बाराबंकी के शेष 961 ग्राम पंचायतों मे पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु ग्राम पंचायतवार 766 नग डी0पी0आर0 तैयार कर प्रस्तुत किये जाने है जिसके सापेक्ष प्रस्तुत किये गये डी0पी0आर0 की अद्यतन स्थिति निम्नानुसार है।

| क्र0 सं0 | फर्म का नाम | आवंटित पंचायत ग्राम | पाइप पेयजल योजनाओंके निर्माण हेतु प्रस्तुत किये जाने वाले डी0पी0 आर0 | दिनांक 08.12.2022 तक प्रस्तुत किये गये डी0पी0आर0 | अवशेष डी0पी0आर0 | SLSSC द्वारा स्वीकृत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मै0 पी0एन0सी0–एसपीएमएल(जेवी)मै0एन0सी0 इन्फ्राटेक लि0,पी0 एन0 सी0 टावर, 3/22–डी, सिविल लाइन,बाईपास रोड, एन एच–2, आगरा (यू0पी0) | 641 | 370 | 326 | 44 | 236 |
| 2 | मै0 मेघा इन्जीनियरिंग एड इफ्रास्ट्रक्चर्स लि0 एस–2 टेक्नोक्रेट इडिस्ट्रियल स्टेट, बालानगर, हैदराबाद–500037 (तेलंगाना) | 579 | 309 | 307 | 2 | 152 |
| 3 | मै0 वी0एस0ए0इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट, लि0–एस0सी0एल0 इन्फ्राटेक लि0 (जेवी)मकान नं0–8–2–502/1/ए, प्रथम तल जीवी टावर, रोड नं0–7, बन्जारा हिल्स, हैदराबाद (तेलंगाना) | 224 | 87 | 72 | 15 | 49 |
| | कुल योग– | 1444 | 766 | 705 | 61 | 437 |

जिलाधिकारी, बाराबंकी द्वारा समस्त फार्मो को निर्देशित किया गया कि अवशेष डी0पी0आर0 एक सप्ताह मे प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें। जिस फर्म के द्वारा लक्ष्य के अनुसार डी0पी0आर0 प्रस्तुत किये जाने मे शिथिलिता की जायेगी उनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्णय लिया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म की होगी।

बैठक मे उपस्थिति मै0 पी0एन0सी0 के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 06 स्थानों पर पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु अतरिक्त भूमि का प्रस्ताव दिलाये जाने की आवश्यकता है क्योंकि नहर आदि को कास कर पाइप लाइन डाला जाना काफी कठिन है। नहर के पार वाले ग्रामों मे यदि भूमि के प्रस्ताव प्राप्त हो जाते है तो डी0पी0आर0 तैयार कर योजना निर्माण कार्य करा लिया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि अतरिक्त भूमि का प्रस्ताव किया जाना सम्भव नही है। नदी नाला एवं नहर आदि को कास करने हेतु सम्बन्धित सिचाई विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर नदी नाला/नहर के दोनो और सर्पोटिंग गार्ड लगाते हुये पाइप लाइन डाले जाने की कार्यवाही की जाये इसमे किसी प्रकार की शिथिलता न की जाये।

शासन द्वारा जो योजनायें स्वीकृत हो चुकी है तथा धनावंटन प्राप्त हो चुका है सभी फर्मो द्वारा उन पर युद्ध स्तर पर सभी घटकों के कार्य प्रारम्भ कराते शासन की मंशानुसार लक्षित समय मे ग्राम वासियों को नल जल से आच्छादित किये जाने हेतु कार्य योजना बनाते हुये कार्य कराया जाये। बैठक मे उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी को निर्देशित किया गया है कि जल जीवन मिशन के कार्यो की प्रतिदिन समीक्षा करते हुये निर्धारित प्रारूप पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये जिससे यह ज्ञात हो सके कि जल जीवन मिशन के कार्यो हेतु जनपद मे अनुबन्धित फर्मो द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष कितना कार्य किया जा रहा है।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 लखनऊ के शासनादेश सं0 07/2022/430/छिहत्तर–1 2022–25सम/2019 दिनांक 04 मार्च 2022 के द्वारा प्रसारित निर्देश के अनुसार रू0 5.00 करोड़ तक लागत के डी0पी0आर0 का परीक्षण करके योजनाओं की

प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृत जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा प्रदान की जानी है तथा रू0 5.00 करोड़ से अधिक लागत के वेटिंग उपरान्त प्रस्तुत डी0पी0आर0 पर अनुमोदोपरान्त अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) किसान बाजार, प्रथम तल, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ को प्रेषित किया जाना है। दिनांक 01.12.2022 को जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन बाराबंकी की अध्यक्षता मे आहूत बैठक तक कुल 1294 राजस्व गांव हेतु 678 नग डी0पी0आर0 की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

जल जीवन मिशन फेज–3 के अन्तर्गत दिनांक 08.12.2022 को कार्यदायी एजेन्सी मेघा इन्जीनियरिंग एण्ड इफ्रास्ट्रक्चर्स लि0 एस–2टेक्नोकेट इण्डिस्ट्रियल स्टेट, बालानगर, हैदराबाद द्वारा 15 नग (15 ग्राम पंचायत एवं 25 राजस्व ग्राम) के डी0पी0आर0 खण्ड कार्यालय मे प्रस्तुत किये गये है। प्रस्तुत सभी डी0पी0आर0 रू0 5.00 करोड़ की लागत के अन्दर के है एवं जल जीवन मिशन के अन्तर्गत दिनांक 11.08.2022 को सम्पन्न राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति की सत्तरहवीं बैठक के एजेन्डा बिन्दु सं0–01 के प्रस्तर–4 के बिन्दु–3 के अनुसार प्रति व्यक्ति लागत रू0 7000.00 के अन्तर्गत है पर अनुमोदन/स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। समिति के समक्ष प्रस्तुत डी0पी0आर0 पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा सर्वसम्मति स्वीकृति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया।

**स्वीकृत की गयी योजनाओं का विवरण निम्नवत है:–**

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड | ग्राम पंचायत का नाम | योजना का नाम | डी0 की अनु0 ला0 (रू0 लाख में) | प्रति व्यक्ति लागत रू0 मे |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| जल जीवन मिशन फेज–3 | | | | | |
| मै0 मेघा इन्जीनियरिंग इन्फ्रा प्रो0लि0 हैदराबाद | | | | | |
| 1 | बनीकोडर | ढ़ेमा | ढ़ेमा ग्रा0 पे0 योजना | 399.04 | 4904 |
| 2 | बनीकोडर | रामपुर | रामपुर ग्रा0 पे0 योजना | 252.18 | 5575 |
| 3 | दरियाबाद | बीरापुर | बीरापुर ग्रा0 पे0 योजना | 228.74 | 6321 |
| 4 | हैदरगढ़ | मनगौवा | मनगौवा ग्रा0 पे0 योजना | 226.54 | 6996 |
| 5 | हैदरगढ़ | दांदूपुर | दांदूपुर ग्रा0 पे0 योजना | 209.30 | 5527 |
| 6 | हैदरगढ़ | रीति सिकन्दरपुर | रीति सिकन्दरपुर ग्रा0 पे0 योजना | 301.64 | 6990 |
| 7 | हैदरगढ़ | कमेला | कमेला ग्रा0 पे0 योजना | 475.65 | 5936 |
| 8 | हैदरगढ़ | कुढवा | कुढवा ग्रा0 पे0 योजना | 367.40 | 6994 |
| 9 | त्रिवेदीगंज | गनेहरी | गनेहरी ग्रा0 पे0 योजना | 188.67 | 6344 |
| 10 | हैदरगढ़ | रेहुरा | रेहुरा ग्रा0 पे0 योजना | 182.73 | 6954 |
| 11 | पूरेडलई | नियामतपुर | नियामतपुर ग्रा0 पे0 योजना | 317.10 | 6075 |
| 12 | पूरेडलई | फतापुरकला | फतापुरकला ग्रा0 पे0 योजना | 330.40 | 4459 |
| 13 | पूरेडलई | रहिमापुर बजरंगसिंह | रहिमापुर बजरंगसिंह ग्रा0 पे0 योजना | 277.06 | 4790 |
| 14 | सिद्धौर | छतौनी | छतौनी ग्रा0 पे0 योजना | 223.56 | 6761 |
| 15 | सिद्धौर | इसरौलीसारी | इसरौलीसारी ग्रा0 पे0 योजना | 205.68 | 6535 |

जिला पेयजल एव स्वच्छता मिशन, बाराबंकी की दिनांक 09.12.2022 की हुई बैठक मे 15 नग नवीन परियोजनाओं के निर्माण हेतु गठित डी0पी0आर0 पर अनुमोदन/स्वीकृति हेतु संस्तुति प्रदान की गयी।

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बाराबंकी को निर्देशित किया गया कि जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन बाराबंकी के माध्यम से अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) किसान बाजार, प्रथम तल, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ को डी0पी0आर0 अग्रसारित किये जाने से सम्बन्धित पत्र का आलेख भी प्रस्तुत करें।

अन्त मे अधिशासी अभियन्ता जल निगम, द्वारा समस्त आगंतुको का बैठक मे उपस्थित होने हेतु आभार व्यक्त करते हुये अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक समाप्त की गयी।

(अमित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता जल निगम,
सदस्य सचिव, जि0पे0 एवं स्व0मि0
बाराबंकी।

(सदस्य)
जिला कृषि अधिकारी,
बाराबंकी

(सदस्य)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
बाराबंकी

(सदस्य)
जिला विकास अधिकारी,
बाराबंकी

(सदस्य)
अधिशासी अभियन्ता, सिचाई
बाराबंकी

(सदस्य)
अधिशासी अभियन्ता ग्राउण्ड
वाटर अयोध्या

(सदस्य सचिव)
अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0
जल निगम, बाराबंकी

(उपाध्यक्ष)
मुख्य विकास अधिकारी,
बाराबंकी

(अध्यक्ष)
जिलाधिकारी
बाराबंकी